महाशिवरात्रि से गुड़ी पड़वा तक चलेगा व्यापार मेला, 20 करोड़ का बीमा, तैयारियां शुरू

सीमन से बढ़ेगी पशुपालकों की आय, छात्रों के लिए मेंटल हेल्थ सेल अनिवार्य, सीएम हेल्पलाइन, मतदाता सत्यापन और लोक सेवा गारंटी पर कसा शिकंजा

उज्जैन। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने व्यापार मेला 2026 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यापार मेले से संबंधित सभी कार्य निश्चित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। यह मेला 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) से 19 मार्च (गुड़ी पड़वा) तक प्रस्तावित है।

बैठक में जानकारी दी गई कि मेले की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। नगर निगम द्वारा मेला लेआउट, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सिविल वर्क, कंट्रोल रूम सहित सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का 20 करोड़ रुपए का सुरक्षा बीमा नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में एसआईआर प्रक्रिया की विधानसभावार समीक्षा की गई, जिसमें 27,515 हियरिंग और 9,152 मतदाताओं का वेरिफिकेशन पूरा होने की जानकारी दी गई। सभी एसडीएम और तहसीलदारों को 9 फरवरी तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की 50 व 300 दिवस पुरानी शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समयसीमा में सेवाएं न देने पर संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठकें आयोजित कर पशुपालक कृषकों को सेक्स सॉर्टेड सीमन और एआई तकनीक के लाभ बताए जाएं। पशुपालन विभाग ने बताया कि 25,000 के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 21,367 लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तहत सामान्य व ओबीसी वर्ग को 25 प्रतिशत, जबकि एससी/एसटी वर्ग को 33 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों पर सभी सेफ्टी नॉर्म्स और सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य पालन सुनिश्चित किया जाए। बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सीईओ जनपद तराना का वेतन राजसात करने और अक्षय ऊर्जा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने ली टीएल बैठक

जिले में प्रशासनिक कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर कार्यालय और नगर निगम में महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अलग-अलग बैठकों में जनहित, विकास, पशुपालन, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और व्यापार मेला 2026 की तैयारियों को लेकर कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में अब तक 40 हजार 512 आवेदन दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 28 हजार 644 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने राजस्व सहित सभी विभागों को आपसी समन्वय से लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने और निराकरण की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य के लिए जिला टास्क फोर्स सक्रिय

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी महाविद्यालयों में मेंटल हेल्थ सेल गठित कर नियमित काउंसलिंग की जाए तथा विद्यार्थियों को करियर के विकल्पों से अवगत कराया जाए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से अपील की कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए 24×7 टोल फ्री हेल्पलाइन 14416 और 14425 पर संपर्क करें। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को जिला स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। बैठकों में अपर आयुक्त नगर निगम संतोष टैगोर, एडीएम, सभी एसडीएम, उपायुक्त, कार्यपालन यंत्री, सहायक आयुक्त, सीएमएचओ, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कोचिंग संस्थानों और निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

दिलाई स्वदेशी अपनाने की शपथ

उज्जैन। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत ग्राम स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टकवासा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अरुण व्यास, सुनील बारोट, मोतीलाल पटेल एवं शिवनारायण पटेल मंचासीन रहे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम की विस्तृत रूप से बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा यह अभियान चलाया गया है जिसके अंतर्गत ग्राम में स्वावलंबी एवं शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारियां प्रदान की जा सके। सुनील बारोड ने सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। संचालन संजय चौहान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सचिव एवं आभार गोवर्धन गोयल समिति अध्यक्ष ने माना।

त्रिवेणी शनि मंदिर के पुजारी बने महंत

उज्जैन। इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर के पुजारी राकेश बैरागी को वैष्णव संतों ने महंताई प्रदान की। महंताई के पश्चात आप श्री पंच रामानंदीय खाकी अखाड़ा के अंतर्गत महंत बन गए है। उनका नामकरण महंत राकेश दास के रूप में हुआ। रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने इन्हें अपने शिष्य के रूप में गुरु दीक्षा प्रदान की। इस अवसर पर उज्जैन अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास, निर्वाणी अणि अखाड़े के महंत दिग्विजय दास, निर्मोही अखाड़े से महंत चरण दास, दिगंबर अखाड़ा से महंत रामचंद्र दास समस्त वैष्णव बैरागी समाज बंधुओं एवं स्नेही भक्त जनों की बधाई देकर के चादर विधि की शुभकामना प्रेषित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुष्प माला मिठाई श्री फल से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की गई।

बेटियों ने भरी सफलता की बास्केट

उज्जैन। मप्र शासन द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स, बास्केटबॉल राज्य प्रतियोगिता का आयोजन इन्दौर में 28 से 31 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें उज्जैन की बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी देते हुए ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अपने सभी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा तृतीय स्थान के लिये ग्वालियर को 58-42 से पराजित कर कांस्य पदक जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश मेंदोला, कुलविंदर सिंह गिल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आकर्षक ट्रॉफी, मेडल और केश प्राइज़ प्रदान किया गया। इस अवसर पर ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, सुनिता यादव और विनोद पांचाल उपस्थित थे। एसोसिएशन के कोच समीक्षा भदौरिया, विराट धाकड, सैजल डागर, प्रियंका संत आदि द्वारा बधाइयां प्रेषित की गई।

यज्ञ में अपने अवगुणों की आहुति दें-शर्मा

उज्जैन। विद्यार्थी जीवन में हम खुद के प्रति ईमानदार रहे एवं लक्ष्य के प्रति जाग्रत रहे, यदि प्रथम अवस्था में हमने सही दिशा में परिश्रम किया तो बाद की अवस्था में हम उसका लाभ उठा सकेंगे। उक्त विचार विद्यार्थियों के लिए आर्य समाज मंदिर में आध्यात्मिक विकास की कार्यशाला में वरिष्ठ शिक्षाविद अनोखीलाल शर्मा ने व्यक्त किए। आनंद विभाग के जिला संयोजक डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा मन की शक्ति अपार है हम अपनी क्षमताओं से अनभिज्ञ है। माता पिता की केवल हमसे सफल जीवन की अपेक्षा है। अत : हम अपने नाम को सार्थक करते हुए सफल जीवन की और कदम बढ़ाए। वैदिक विद्वान पंडित राजेंद्र व्यास ने वेद मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंभिक जीवन से धर्म ग्रंथों का स्वाध्याय करना चाहिए, हमारा देश आर्यावर्त भारत है देवभाषा संस्कृत और प्राचीन इतिहास का ज्ञान हमे संस्कारी बनाता है। प्रारंभ में आचार्य राजेन्द्र व्यास के ब्रह्मत्व में देवयज्ञ संपन्न हुआ जिसमें सभी विद्यार्थियों ने आहुतियां दी। ईश प्रार्थना का वाचन निषद शर्मा ने किया। भजन की प्रस्तुति श्रीमती सिरोलिया ने दी। अतिथियों का स्वागत ओम के उपवस्त्र से मंत्री भरत आर्य, पूर्व प्रधान राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अंबाराम वर्मा ने किया। संचालन विष्णु शर्मा ने किया और आभार प्रधान ललित नागर ने व्यक्त किया। तत्पश्चात शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण किया गया।

सर्व सुविधा युक्त मैरिज गार्डन का भूमिपूजन किया

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत माधवपुरा में नगर निगम द्वारा महापौर मद की राशि लगभग 70 लाख रुपए की लागत से सर्व सुविधा युक्त मैरिज गार्डन का निर्माण किया जाएगा। उक्त कार्य का भूमि पूजन सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री आनंद खींची, पार्षद जानी बाई सतीश राठौर, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न किया गया। क्षेत्र में मैरिज गार्डन बनने से क्षेत्रवासियों के लिए यह एक उपयोगी सौगात है। कम लागत पर मध्यम वर्गीय परिवार भी अब निगम द्वारा निर्मित गार्डन में मांगलिक कार्य, शादी समारोह कर सकेंगे इस सर्व सुविधायुक्त मैरिज गार्डन में शेड का निर्माण, बड़ा हाल, कमरे, किचन, शौचालय, पानी की व्यवस्था इत्यादि सुविधाएं रहेगी। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर, जगदीश परमार, मेहरबान सिंह, निर्मल सागर, मुकेश चौधरी, मोनू यादव, प्रवीण सनोठीया, पर्वत सिंह जाट एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

बदमाशों ने आंखों में मिर्ची झोंक 2 किसानों से लूटे डेढ़ लाख

उज्जैन। पशु बेचकर लौट रहे 2 किसानों के साथ बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। किसानों की आंखों में मिर्ची झोंकी गई थी। कायथा पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। सोमवार शाम तक बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया था।

कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम नलेश्री में रहने वाले 2 किसान सतीश शाह और रामलाल मक्सी बाजार में पशु बेचने गये थे। जहां भैंस का सौदा कर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। रामपुरा मार्ग लक्ष्मीपुरा फंटा पर पीछे से बाइक पर सवार 2 बदमाश आये और उन्होंने पहले किसानों की बाइक को टक्कर मारी। संतुलन बिगड़ने पर दोनों किसान गिर गये। बाइक पर पीछे बैठे एक बदमाश ने दोनों की आंखों में मिर्ची झोंकी और डेढ़ लाख रुपये नगद लूटकर भाग निकले। दिनदहाड़े किसानों के साथ हुई लूट का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे।

एसडीओपी भविष्य भास्कर ने बताया कि किसानों की शिकायत पर बदमाशों का सुराग तलाश किया जा रहा है। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। माना जा रहा है कि जिस तरह से बदमाशों ने किसानों के साथ लूट को अंजाम दिया है, बदमाश मक्सी से पीछे लगे होंगे। पशु बाजार में उन्होंने रैकी की होगी।

ध्यान एवं योग केंद्र का भूमि पूजन किया

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत नगर निगम द्वारा संचालित चकोर पार्क में राशि रुपए लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ध्यान एवं योग केंद्र का भूमि पूजन सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री आनंद खींची, क्षेत्रीय पार्षद एवं झोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है की चकोर पार्क में प्रतिदिन 100 से 150 से अधिक की संख्या में नागरिक योग एवं ध्यान करने के लिए आते हैं। यहां आने वाले नागरिकों की मांग थी की बारिश के दिनों में काफी समस्या होती है। कीचड़ हो जाता है एवं बारिश में योग नहीं कर पाते हैं। नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए चकोर पार्क पर ध्यान एवं योग केंद्र का निर्माण किया जाएगा। जिससे नागरिकों की समस्या का समाधान होगा साथ ही नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए यहां पर ध्यान एवं योग केंद्र का निर्माण होने के पश्चात आदि योगी की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर, जगदीश परमार, महेंद्र मरमट, मोनू यादव, प्रवीण सनोठिया, पर्वत सिंह जाट एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

लूट के लिए हत्या करने वाले को न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास

उज्जैन। 8 साल पहले लूट के इरादे से खेत पर सोए वृद्ध की हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 20 हजार का अर्थ दंड भी लगाया गया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 2 जून 2017 को सुबह वीरेन्द्र सिंह ने इस आशय की सूचना दी कि वह ग्राम थड़ोदा में रहता है एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय हिपाखेड़ी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। स्कूल की छुट्टी होने के कारण वह उस दिन घर पर था। उसके पिताजी विक्रम खेत पर बने मकान पर ही 10-15 साल से रह रहे थे तथा रात में भी खेत पर बने मकान पर सोते थे और सुबह 06 बजे घर पर आ जाते थे। कल रात भी वे खेत पर सोने गये थे। सुबह उसके पिताजी घर नहीं आये इसलिए वह खेत पर बने मकान पर गया तो देखा कि मकान का ताला लगा था। उसके पिताजी खेत पर नहीं थे। उसने सोचा कि ताला लगा है इसलिए पिताजी घर चले गये होंगे और वह घर वापस आ गया और अपने पिताजी के मोबाइल नंबर पर फोन लगाया तो फोन स्विच ऑफ था। फिर वह अपनी मां कमलकुंवर के साथ खेत पर गया और खेत पर बने मकान की दीवार के छेद में से अंदर देखा तो उसके पिताजी अंदर पड़े थे। उसने गजराजसिंह को बुलाया और ताला तोड़कर अंदर जाकर देखा तो उसके पिताजी के हाथ, पैर व मुंह बंधा हुआ था। सीने में और शरीर में चोट लगी थी और खून निकल रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पिताजी के हाथ, पैर बांधकर मारपीट कर हत्या कर दी है। खेत पर बंधी भैंस, पाड़ी भी वहां नहीं थीं, मोबाइल भी नहीं मिला है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर कैलाश पिता मांगू डोडियार 35 वर्ष, निवासी ग्राम उमरबट्टा, थाना रावटी, जिला रतलाम को गिरफ्तार किया था। 8 साल चली सुनवाई के बाद प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीतू कांत वर्मा खाचरौद द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में पैरवी सुनील परमार, विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

ट्रेवल्स एजेंसी पर बुकिंग करने वाले ने लगाई फांसी

उज्जैन। ट्रेवल्स एजेंसी पर बुकिंग का काम करने वाले वृद्ध ने रविवार रात को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने परीक्षण के बाद शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख दिया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि ढांचा भवन में रहने वाले श्याम पिता हीरालाल खत्री 52 साल को परिवार द्वारा मृत अवस्था में चरक अस्पताल ले जाने की सूचना मिली थी। मामले में मर्ग कायम किया गया। जांच के दौरान पता चला कि श्याम ने घर की ऊपरी मंजिल के कमरे में फांसी लगाई थी। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पुत्र यश ने बताया कि पिता देवास गेट पर ट्रेवल्स एजेंसी पर ऑनलाइन बुकिंग का काम करते थे और शराब पीने के आदी थे। घर पर मां लता नीचे कमरे में काम कर रही थी जब वह ऊपर पहुंची तो उन्होंने पिता को फंदे पर लटका देखा। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोपा गया है। संभवत: नशे की हालत में आत्मघाती कदम उठाया है परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जाएगी।

24 घंटे बाद भी नहीं हुई पहचान

रविवार सुबह माधव नगर थाना क्षेत्र के वल्लभनगर स्थित मैदान में बबूल के पेड़ पर अर्धनग्न युवक की लाश लटकी मिलना सामने आया था। मृतक युवक ने रेलवे की चादर से फांसी लगाई थी। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है 24 घंटे बीतने के बाद भी उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया है। आज दोपहर तक पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

निगम ने स्मृति सम्मान समारोह आयोजित

उज्जैन। अमर शहीद गजेंद्र राव सुर्वे के 20 वें बलिदान दिवस पर नगर पालिक निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 46 सिंधी कॉलोनी गली नंबर 04 पर स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अमर शहिद गजेंद्र राव सुर्वे के माता पिता का महापौर मुकेश टटवाल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी द्वारा सम्मान करते हुए शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सर्वप्रथम वीर शहीद गजेंद्र राव सुर्वे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। तत्पश्चात अमर शहीद के माता पिता अशोक राव सुर्वे एवं माता कल्पना सुर्वे का सम्मान उपस्थित अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल, पुष्पमाला पहनाकर किया गया। साथ ही इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा हवलदार रवि प्रताप सिंह, हलदार अनिल तोमर, हवलदार सवाई सिंह शेखावत का भी सम्मान पुष्पमाला पहनाकर किया गया। इस दौरान सर्व सुनील नवलानी, अरुण रोचवानी, कमल सोनी, कर्नल प्रदीप, राजहंस गायकवाड, सुरेश थौपके, अनिल बोड़के, राजीव निंबालकर, अनिल धर्मे, अंजू जाटवा एवं क्षेत्र के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल ने पेश की मरीज़-केंद्रित उन्नत देखभाल की मिसाल

उज्जैन। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर ने अपनी सेवा के तीन साल पूरे किए। इन तीन सालों में इस अस्पताल ने नैतिक और मरीज़-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी पहचान को और मजबूत किया है। अपने फुल-टाइम स्पेशलिस्ट सिस्टम के साथ, इस अस्पताल ने अलग-अलग विशेषज्ञताओं में अपनी मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञता के ज़रिए व्यापक देखभाल के लिए एक मज़बूत भरोसा कायम किया है। पिछले तीन सालों में, अस्पताल ने अपनी सुविधाओं को और बेहतर बनाया है। यहां मिनिमली इन्वेसिव सीएबीजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक इलाज की तकनीकें शुरू की गई हैं, जिन्हें लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और भरोसा मिला है। जल्द ही अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है। मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों में रहने वाले मरीजों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने कई शहरों में अपनी ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। इनमें देवास, उज्जैन, धार, खंडवा, महू, गुना, मंदसौर, रतलाम, ग्वालियर, सोनकच्छ और झांसी जैसे शहर शामिल हैं। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेस, ऑर्थोपेडिक्स, रीनल साइंसेस और ट्रांसप्लांट के अपने सेंटर ऑफ द्यएक्सीलेंस को और अधिक मज़बूत और विस्तृत किया है। अस्पताल ने मध्य प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के मरीज़ों के जटिल और उच्च जोखिम वाले मामलों का सफलतापूर्वक इलाज किया है।

होली पर चंद्रग्रहण | 12 घंटे पहले सूतक, 2 मार्च की शाम से भद्रा, 3 की दोपहर में ग्रहण शुरू होगा

होली पर इस बार भद्रा के साथ चंद्रग्रहण का दुर्भल संयोग बन रहा

नवभारत न्यूज

उज्जैन। होली पर इस बार दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन भद्रा रहेगी और चंद्रग्रहण अलग लग रहा है। चंद्रग्रहण सूतक 12 घंटे पहले से ही लग जाएगा। होली पर ग्रहण के चलते पूजन व दहन को लेकर असमंजस की स्थिति भी बन रही है।

ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि इस बार 2 मार्च की रात में होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 3 मार्च को धुलेंडी का पर्व रहेगा। इस दिन दोपहर में खग्रास चंद्र ग्रहण लगेगा। ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं। 2 मार्च की शाम 5.55 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 4.28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है। धुलेंडी के दिन 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण दोपहर 3.19 बजे से शाम 6.47 बजे तक रहेगा। यह उदित चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें लगभग 17 मिनट तक पूर्ण खग्रास स्थिति बनी रहेगी। सूतक काल के दौरान आमतौर पर शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। इधर हरिद्वार में गंगा की तर्ज पर उज्जैन में शिप्रा की भव्य आरती की जाएगी। जिला प्रशासन इसे और भव्यता प्रदान करने जा रहा है। ताकि देश-विदेश के श्रद्धालु व पर्यटक शिप्रा आरती के प्रति आकर्षक हो सके। इसके लिए रामघाट का कायाकल्प करेंगे।

बॉक्सिंग खिलाड़ी महाकाल आई-उज्जैन। भारत की नेशनल बॉक्सर खिलाड़ी पूजा रानी ने सोमवार को उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने खेल में सफलता के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा। मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा भी बाबा महाकाल के दरबार में पहुंची और गर्भगृह के बाहर से दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

शुद्ध जल व्यवस्था के लिए मुंबई की कंपनी के लोगों का सम्मान

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं को आरओ की शुद्ध जल व्यवस्था के लिए मुंबई की टेक्नो हायप्योर कंपनी से जुड़ों लोगों का सम्मान किया गया।मंदिर प्रांगण में स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर के पुजारी चमू गुरु की प्रेरणा से कम्पनी ने एक करोड़ रुपए की लागत से नया हाइटेक आरओ प्लांट स्थापित करवाया है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी नन्नू गुरु एवं आयुष उपाध्याय ने कंपनी व मंदिर समिति के अधिकारियों की मौजूदगी में प्लांट का पूजन-अर्चन संपन्न कराकर सभी का भगवान महाकाल का दुपट्टा, लड्डू प्रसाद आदि भेंट कर सम्मान किया।